1	2	3
13	पंजाब	0.22
14	हरियाणा	0.21
15.	दिल्ली	0.20
16	जम्मू और कश्मीर	0.09
17.	असम	0.08
18.	गोआ	0.05
19.	पांडीचेरी	0.04
20.	हिमाचल प्रदेश	0.03
21.	चण्डीगढ़	
22.	मेघालय	*
23.	नागालैण्ड	*
	अखिल भारत	16 85

(1)* 5 हजार से कम (2) मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों को छोड़ कर ।

स्रोत : राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण, बत्तीसवा दौर ।

रक्षा कर्मचारियों को बोनस देने के लिए फार्मूला

245. श्री रामावतार शास्त्री: क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रक्षा विभाग में कार्य कर रहे कर्मचारियों को बोनस देने के लिये एक फार्मूला तैयार किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार का विचार इसे कब तक लागू करने का है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. पी. एन. सिंह): (क) से (ग). सरकार इस मामले पर विचार कर रही है ।

बिहार में औद्योगिक विकास

246. श्री रामावतार शास्त्री : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार के औद्योगिक विकास के लिये कोई योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चरनजीत चानना): (क) और (ख). माननीय सदस्य कृपया दिसम्बर, 1979 में प्रकाशित छठी पंचवर्षीय योजना (1978-83) के संशोधित मसौदे को देखें, जिसमें 1978-83 के दौरान बिहार में केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित किये जाने वाले प्रस्तावित उद्योगों का ब्यौरा दिया गया है। किन्तु दस्तावेज अभी राष्ट्रीय विकास परिषद को विचार करने के लिए प्रस्तुत किया जाना है ।

बिहार सरकार ने भी बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम, बिहार राज्य चीनी निगम, बिहार राज्य वित्तीय निगम, बिहार राज्य ऋण तथा विनियोजना निगम, बिहार राज्य वस्त्र निगम, बिहार राज्य भेषज एवं रसायन विकास निगम को सम्मिलित कर विभिन्न अभिकरणों के कार्यकलापों और योजनाओं के माध्यम से बिहार में उद्योग स्थापित करने व उनका संवर्धन करने तथा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और